# ACB Newsletter

Vol.11, Issue. 2, April-June2024

## From the Desk of Editor-in-Chief

*Warm Greetings to all the readers from the Editorial Board. The second quarter of the year 2024 was full of myriad activities in academics , co-curricular as well as research and development area. This issue brings to its readers all the activities and events of the college during April2024 to June2024. The team hopes that this newsletter gives its readers a new experience*

***Editor-in-Chief***

## Inside this Issue


- Activities at a Glance
- Guest Lectures on a Spree
- Sports Activities
- Conferences/Seminars/ Workshops/ FDPs
- List of Certificates, Diploma & Advance Cources





Book Fair as on 23/4/2024

## Pick of the Issue



Honorable President, Sh. Devender Kumar Gupta, General Secretary, Sh. Dinesh Kumar Gupta and Officiating Principal, Dr. Sanjeev Kumar Gupta to honor the meritorious students




Young Women Writers' Club Celebrates Rabindranath Tagore Jayanti

# ATIVITIES AS A GLANCE

## इतिहास विभाग के इंटैक यंग क्लब द्वारा इंडक्शन व पुरस्कार वितरण का आयोजन



नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में आज 4 अप्रैल को इतिहास विभाग के तत्वावधान में इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा इंडक्शन व ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद मेहता, संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर व प्रधान दयानन्द शिक्षण संस्था पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उ?द्योगपति व समाजसेवी श्री शरद भसीन, श्रीमती हरप्रीत कौर, श्रीमती गीता मक्कड, श्रीमती संगीता नटराजन व श्रीमान महेश डावर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार गुप्ता ने की।

इस कार्यक्रम में बी0ए0 प्रथम वर्ष की नई छात्राओं को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब में शामिल करते हुए मुख्य अतिथि ने उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट प्रदान किये। साथ ही, अन्तः महावि?द्यालय स्तर की भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया व इंटैक में जुड़े नए छात्रों को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब की शपथ दिलाई गयी।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय विगत पंद्रह वर्षों से निरंतर प्रतियोगिताएं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों, इमारतों व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। मुख्य अतिथि आनंद मेहता ने कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के निर्माण से ही निरतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य महोदय जी ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेख व धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएं हैं और इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम चेतन, द्वितीय पूनम सैनी, तृतीय सिम्मी शर्मा सांत्वना पुरस्कार रेखा सैनी, गीतिका शर्मा नगद धनराशि पुरस्कार अंजलि, रश्मि, रिया सोलंकी और याशिका ने प्राप्त किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ0 सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद किया।



2 नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

## पेंटिंग में जीते पुरस्कार



एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : अग्रवाल कॉलेज के इतिहास विभाग की देखरेख में इंटेक यंग हेरिटेज क्लब की ओर से गुरुवार को इंडक्शन और ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि इंटेक फरीदाबाद चैप्टर के संयोजक आनंद मेहता रहे और विशिष्ट अतिथि उद्योगपति शरद भसीन, हरप्रीत कौर, गीता मक्कड़, संगीता नटराजन और महेश डावर रहे। अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने की। इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम चेतन, द्वितीय पूनम सैनी, तृतीय सिम्मी शर्मा रहीं।



## कॉलेज में संचार कौशल सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न



एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : शहर के अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह के साथ संचार कौशल सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न हुआ। इस सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने अपने व्यक्तिगत विकास और प्रभावी संचार दक्षताओं पर इसके प्रभाव को स्वीकार किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और बधाई दी।



dents are stars for the whole college and also for the concerned departments. President Sh. Devender Kumar Gupta and Officiating Principal, Dr. Sanjeev Kumar Gupta were elated by the overall results of the Chemistry students. They congratulated the entire department for this grand success. Head, Dept. of Chemistry, Dr. Priyanka Sehrawat who took a great initiative for the advancement of students also promised to work hard for the sake of students' future

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाई गई अंबेडकर जयंती

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। सोमवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के पुस्तकालय में भारतीय संविधान के निर्माता व शिल्पकार डॉ० भीमराव अंबेडकर की स्मृति में हर साल की भांति उनके जन्मदिवस के अवसर पर अंबेडकर जयंती मनाई गई।



इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता की सद्प्रेरणा व महाविद्यालय के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता ने उन्हें प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता बताते हुए सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया उन्होंने बताया कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते हुए वे आज देश विदेशों में करोड़ों लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं और हमें भी बाबा साहब के प्रेरक विचारों को जिंदगी में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागण, कार्यक्रम संयोजक व पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ० रामचंद व लवकेश भी मौजूद रहे।





# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी के दिशानिर्देशन में हेल्थ अवेयरनेस क्लब तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के द्वारा आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता श्री पंकज नागर (काउंसलर ICTC, सिविल हॉस्पिटल बल्लभगढ़) थे।

उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्धि, प्रसन्नता और जन समर्थन के साथ अधिक पहुंच को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन को मनाने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार होता है और लोगों को आर्थिक रूप से सहायता करने का मौका भी मिलता है। यह दिन भारतीय समाज के स्वास्थ्य सेवाओं के मानवीय मूल्य को समझने और महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस कार्यक्रम में कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, हेल्थ अवेयरनेस क्लब) की देखरेख में डॉ गीता गुप्ता, सुभाष कैलोरिया, एवं श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, एसडीजी क्लब) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

www.livehindustan.com

**हिन्दुस्तान** 02

बुधवार, 1 मई 2024

# कॉलेज में मनाया आयुष्मान भारत दिवस

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को हेल्थ अवेयरनेस क्लब तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के द्वारा आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता पंकज नागर (काउंसलर आईसीटीसी, सिविल हॉस्पिटल बल्लभगढ़) थे। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्धि, प्रसन्नता और जन समर्थन के साथ अधिक पहुंच को प्रोत्साहित करना है। इस दिन को मनाने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार होता है और लोगों को आर्थिक रूप से सहायता करने का मौका भी मिलता है।


## Book Exhibition Organized in Aggarwal College Ballabgarh




On 23 April 2024, a book exhibition was organized by the Department of Library and Information Sciences, on the occasion of World Book and Copyright Day in the library building of Aggarwal College, Ballabhgarh. It was organized under the able guidance of Mr. Devendra Kumar Gupta, President of Aggarwal Vidya Pracharini Sabha and Mr. Dinesh Gupta, General Secretary. Dr. Sanjeev Gupta, Officiating Principal of the college during his formal inspection, told the students that books teach us the lessons of life. On this occasion, Dr. Ram Chander, Librarian, Dr. Devendra, Mr. Subhash Kailoriya, Mr. Lovkesh, Sh. Krishna Kumar and library staff members were present.

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ मे कानूनी साक्षरता के अन्तर्गत निबन्ध लेखन व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ में दिनांक 20 अप्रैल 2024 को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत एक निबन्ध लेखन और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स इन प्रतियोगिताओं के विषय मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा, कन्या भृण हत्या, सूचना का अधिकार, यौन उत्पीड़न,बाल विवाह, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का अधिकार, विकलांग व्यक्ति, निराश्रित महिलाएं और बच्चे के अधिकार तथा नशा मुक्ति रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. संजीव कुमार गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को कानून की सामान्य जानकारी रखने व जागरूक रहने को कहा अगर विद्यार्थी कानून के प्रति जागरूक होगा तभी वे कानून का पालन करेंगे और समाज के दूसरे लोगों को उनके अधिकार व कानून के बारे में जागरूक करेंगे। इस निबन्ध लेखन व स्लोगन लेखन प्रतियोगताओं में महाविद्यालय  के दोनों संभाग से 18 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी बीए तृतीय वर्ष  ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर भूमिका बीए द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान भावना बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैंसी शर्मा बीए द्वितीय वर्ष ने व दूसरे स्थान पर जतिन बीए प्रथम वर्ष रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर डॉ. शोभना गोयल व अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती शैली मलिक ने निभाई यह कार्यक्रम डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल के सहयोग से संपन्न हुआ।



Estd. 1971

Vol.11, Issue. 2, April-June2024



संक्षिप्त समाचार

## नेशनल सिविल सर्विसेज डे का आयोजन

बल्लभगढ़, 20 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस इकाई के तत्वाधान

कार्यक्रम में हिस्सा लेते कालेज के छात्र-छात्राएं।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

में शनिवार को नेशनल सिविल सर्विसेज डे का आयोजन किया गया। पूरे भारतवर्ष में हर साल 21 अप्रैल को नेशनल सिविल सर्विसेज डे के तौर पर मनाया जाता है। लोक सेवकों की अथक मेहनत को पहचान दिलाने के क्रम में यह दिन मनाया जाता है। इस दिन हर साल उत्कृष्ट योगदान देने वाले सिविल सर्वेंट को सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज डे सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल के दिशा निर्देशन में मनाया गया था। इसी के मद्देनजर इस बार स्लोगन की थीम सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन तथा विचारधारा से संबंधित रखी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवेंद्र ने विद्यार्थियों को इस दिन के महत्व के विषय में बताया। उसके बाद यूथ रेड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर सुभाष ने स्लोगन राइटिंग कंपटीशन का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट स्तर के स्लोगन प्रस्तुत किए। सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम कुमारमें सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा यूथ रेड क्रॉस के वॉलिंटियर्स की अग्रणी भागीदारी रही।



## अग्रवाल महाविद्यालय में हुआ विश्व विरासत दिवस आयोजित

संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

आज समाज

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविधालय में बृहस्पतिवार को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के तत्वावधान में विश्व विरासत दिवस का आयोजन अंतर्गत एक डाक्यूमेंटरी विद्यार्थियों को दिखाई गई। विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को अपनी अनमोल धरोहर, स्मारकों व ऐतिहासिक स्थलों के सरंक्षण के उद्देश्य से यह डॉक्यूमेंटरी विद्यार्थियों को प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है और इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के सरंक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. जय पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को बताया कि इस साल विश्व विरासत दिवस 2024 का विषय विविधता की खोज करें और अनुभव करें है। यह विषय हमारे इतिहास की समृद्धि को उजागर करता है यह हमें विभिन्न समुदायों की अनूठी विरासत व धरोहर का पता लगाने और उसकी सराहना करने की भी याद दिलाता है। विद्यार्थियों को नालंदा विश्वविद्यालय और हडप्पा नगरीय सभ्यता से संबंधित दो डॉक्युमेंटरी दिखाई गई जिसमें उन्होंने अपनी प्राचीन विशाल विरासत को समझा और इसकी महत्वता को जाना। अंत में डॉ. सुप्रिया ढांडा ने विद्यार्थियों को अपनी गौरवमयी संस्कृति और धरोहर को संरक्षित रखने का सकल्प दिलवाया और प्राचीन इमारतों और स्मारकों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचाने की शपथ भी दिलवाई।





## Mega Job Fair

Aggarwal College Ballabgarh organised a Mega Job Fair on 23rd April 2024 in its premises under the able guidance of President Sh. Devender Kumar Gupta and General Secretary Mr. Dinesh Gupta. The programme was organised under Centre for Career Counselling and Training. Principal Dr. Sanjeev Gupta, in his address said that these placement drives are a regular feature of this college. 37 companies such as Purple, SBI Life, Paytm, Spectrum, TCS Autoworld, Goodyear, Axis Bank, ICICI Bank, Manpower, Ashirwad Filcomps, Xtream, Optech, Johar Auto mobile,(Tata Motors), Cogent, Quess, Bajaj Capital, Digimart to name a few with diverse profiles visited the college portals and interviewed the students of all streams according to their qualifications and interests. This event involved a large number of companies recruiting for various positions, offering students opportunities for internships, co-op programs, and full-time jobs. It was a huge learning experience for the students of both UG and PG as well as the staff. Students got a wide range of career options and attractive pay package. Many passout students also appeared for the interviews in large numbers

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 27 अप्रैल, 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा के चेयरमैन श्री देवेन्द्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशादृनिर्देशन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स उन्होंने हमेशा हमें इस तरह की समृद्ध गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रेखा सैन (संयोजक) और श्रीमती पूजा ने किया। ''विकसित भारत /2047'' विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को अपने शताब्दी वर्ष तक विकास और प्रगति के लिए तैयार भारत की कल्पना करने के लिए प्रेरित किया। 15 उत्साही छात्रों ने उत्सुकता से इस चुनौती को स्वीकार किया और अपनी कलाकृति में अपने अनूठे दृष्टिकोण और रचनात्मक स्वभाव को शामिल किया।



### अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के वालंटियर्स ने पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में चलाया स्वच्छता अभियान



नेशनल प्रहरी/संवाददाता

बल्लबगढ़। अग्रवाल महाविधालय बल्लबगढ़ में अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा के चेयरमैन श्री देवेन्द्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशा-निर्देशन में यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत गोद लिए गांवो चंदावली में आज 24 अप्रैल 2024 को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत कॉर्डिनेटर डॉ. रेखा सैन व सुभाष कैलोरिया के नेतृत्व में उन्नत भारत अभियान व स्वच्छता सेनानी टीम के 20 वालंटियर्स के साथ विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया गया। महाविधालय की टीम 'बाती' ने पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 'स्वच्छ ग्राम पंचायत' से संबंधित नाट्य प्रस्तुति दी। स्कूल की मुख्याध्यापिका मैडम वीर बाला ने नाट्य टीम की जागरूकता रूपी पहल की प्रशंसा की। वॉलंटियर्स ने स्वच्छता रैली निकाल कर गली-मुहल्ले में मौजूद लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।




### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च विद्यालय, सोतई में एक ज्ञानवर्धक वार्ता



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। उन्नत भारत अभियान के तत्वाधान में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने 25 अप्रैल, 2024 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च विद्यालय, सोतई में एक ज्ञानवर्धक वार्ता का आयोजन किया। इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशानिर्देशन में समय-समय पर होते रहते हैं। वक्ता सोतई से सेवानिवृत्त मास्टर धरम जी थे, जिन्होंने ग्रामीण परिदृश्य में पंचायतों की अपरिहार्य भूमिका पर वाकपटुता से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का निर्बाध निष्पादन यूबीए की सदस्य श्रीमती पूजा के अथक प्रयासों के साथ-साथ तीन स्वयंसेवकों- तनिषा, परवेश और कशिश के अमूल्य सहयोग से संभव हुआ। सामुदायिक जुड़ाव और ग्रामीण उत्थान के लिए उनका अटूट समर्पण प्रेरणा की किरण के रूप में कार्य करता है। स्कूल के हेडमास्टर डॉ. अशोक कुमार और उनके मेहनती स्टाफ सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम में पूरा समर्थन और सहयोग मिला जिसके लिए श्रीमती पूजा ने उनका आभार व्यक्त किया।यह सहयोगात्मक प्रयास उन्नत भारत अभियान के लोकाचार का उदाहरण है, जो जमीनी स्तर पर संवाद शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस तरह की पहल सकारात्मक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करती है, जिससे ग्रामीण समुदाय एक उज्ज्वल और अधिक समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

सपास	रविवार, 28 अप्रैल 2024	03

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली






# वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन



**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा स्नातक के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय प्रांगण में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सत्र के अंत में विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना के साथ तथा प्राचार्य को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षा का समय नजदीक है यह समय कड़ी मेहनत कर- के सफलता प्राप्त करके आगे बढ़? का समय है और मेहनत से कमाए पैसों के मूल्य को समझाया। इस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की स्नातक कक्षा की मिस फेयरवेल प्रीती और मिस्टर फेयरवेल लोकेश, मिस ब्यूटीफुल ऋतुति और मिस पर्सनालिटी सुनिधि को चुना गया। अंत में विभागाध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। 100 विद्यार्थी इस विदाई समारोह में सम्मिलित रहे। वाणिज्य विभाग के सभी प्रवक्तागण के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विदाई समारोह का आयोजन

**नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह**

**बल्लवगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सभागार में बीए. व बी.वॉक (रिटेल मैनेजमेंट) कक्षाओं के लिए महाविद्यालय के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी के दिशा निर्देशानुसार व महाविद्यालय के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता जी के मार्गदर्शन में 3 मई 2024 शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता, संयोजक व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती कमल टंडन व अन्य वरिष्ठ प्रवक्तागणों द्वारा किया गया। संयोजक डॉ0 जयपाल सिंह ने कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता व अन्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के महाविद्यालय के विकास में योगदान को सरहाया।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज तृतीय वर्ष के विद्यार्थी महाविद्यालय व यहां के शिक्षकों को छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों व विश्विद्यालयों में दाखिला लेंगे और अपने सपनों को नया आयाम देंगे, यहां जो सीखा है वह आपको नए सफर पर ले जाएगा।

प्राचार्य ने महाविद्यालय अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझे भी अपने वो दिन याद आते हैं जब हम भी कभी इसी मुकाम पर खड़े थे। जो सवाल जो खुशी और जो उत्साह आपके मन में है कल वह मेरे मन में भी था। मुझे भी दुख था पुराने साथियों और शिक्षकों से बिछड़ने का मगर खुशी भी थी कुछ नया करना है ।

प्राचार्य जी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। नीरज को मिस्टर बीए.,गीतिका को मिस बीए., मनीष को मिस्टर बी वॉक व वंशिका को मिस बी वॉक रिटेल मैनेजमेंट चुना गया। इस के अलावा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों में से सबसे ईमानदार, बुद्धिमान, और आकर्षक, जिम्मेदार,कठिन परिश्रमी, आज्ञाकारी, सृजनशील, अनुशासित, मासूम व ऑल राउंडर जैसे खिताबों से भी नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य गायन भाषण व कविता पाठ आदि की प्रस्तुतियां दी ।

तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अपने अनुभवों को भी सांझा किया और कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए मंच प्रदान किया है व महाविद्यालय ने जो उन्हें अनमोल यादें दी हैं वे वास्तव में अमूल्य हैं, मित्रता व सामाजिक मेलजोल कॉलेज जीवन के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक है,और कहा कि अब हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव समाप्त हो रहा है। विदाई समारोह के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम संयोजक डॉ0 जयपाल सिंह, श्रीमति कमल टंडन ,डॉ0 अशोक निराला, डॉ0 रामचंद्र, डॉ0 गीता गुप्ता,डॉ0 सारिका काजंलिया ,डॉ0 सुप्रिया ढांडा, डॉ0 पूजा सैनी, सुभाष डॉ0 पूनम रौतेला व लवकेश आदि के मेहनत को सरहाया। समारोह का समापन डॉ0 गीता गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ ।






**Farewell Ceremony for Management Students**

On May 8, 2024, the Department of Management, Aggarwal College, Ballabhgarh, organized a heartfelt farewell ceremony for the departing BBA and BBA CAM students. Such events are a testament to the college commitment to holistic education under the dynamic leadership of Chairman Mr. Devender Kumar Gupta and General Secretary Mr. Dinesh Gupta. Under the patronage of officiating Principal Dr. Sanjeev Kumar Gupta, the ceremony commenced with the invocation of Goddess Saraswati, symbolizing wisdom and knowledge, followed by the presentation of saplings to esteemed guests. Principal Dr. Sanjeev Gupta in his speech wished good luck to the students for their future and appreciated their efforts. He also expressed his hope that students will continue holding top positions in the university and corporate section. The students enthusiastically participated in various cultural activities, fashion shows, games, gifts exchange etc wherein Tanmay, BBA CAM final year was selected as Mr.

Vol.11, Issue. 2, April-June2024

Farewell and Savita from BBA final year as Ms Farewell. Mr. Aman Gupta of BBA final year were crowned as Mr. Personality and Ms. Anjali and Versha as Ms Personality. Ansar and Sushil from BBA final selected as Mr Handsome and Bhumika from BBA CAM was selected as Ms. Beautiful Smile Kajal from BBA final year earned the title of Student of the year. During the program, students continued to take selfie at Selfies Booth, specially created for them.



# महाराणा प्रताप जयंती पर दिखाई डाक्यूमेंट्री

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में एनएसएस और इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप-एक महान योद्धा विषय पर डाक्यूमेंट्री विद्यार्थियों को दिखाई गई। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय गवर्निंग बाडी के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में महाराणा प्रताप जयंती पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में महाराणा प्रताप का स्थान शूरवीर और एक महान योद्धा के रूप में दर्ज है और महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा में ऐसी कई कहानियां प्रसिद्ध हैं जिन्हें सुन कर किसी भी व्यक्ति में जोश आ जाएगा। उनके पराक्रम और वीरता के चर्चे आज भी प्रेरणा देते है। कार्यक्रम की संयोजिका व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया ढांडा ने विद्यार्थियों को बताया कि महाराणा प्रताप की आज 483वीं जयंती मनाई जा रही है। भारत के सबसे वीर योद्धा महारणा प्रताप सिंह का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ और 19 जनवरी 1587 में महाराणा प्रताप का निधन हुआ। महाराणा प्रताप को सन 1572 में मेवाड़ का शासक बनाया गया था।



विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। आज समाज

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

शनिवार, 4 मई 2024

02

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में तनिषा और कविता अव्वल

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में शुक्रवार को उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र के बैनर तले एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 टीमों ने तीन राउंड में प्रतिस्पर्धा की, जिनमें प्रत्येक में दो प्रतिभागी थे। बीए प्रथम वर्ष की तनिषा शर्मा और कविता ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरा पुरस्कार बी.कॉम द्वितीय वर्ष के भरत शर्मा और कासिफ उद्दीन को मिला। तीसरा पुरस्कार बीकॉम प्रथम वर्ष के भाविश राठी और भूमिका को मिला।




## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस



नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रागंण में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की इकाइयों द्वारा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट के जन्मदिन के अवसर पर आज 8 मई 2024 को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा सर जीन हेनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ की गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाईआरसी कोर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने सर जीन हेनरी डयूनांट की जीवनी प्रस्तुत की।

कार्याहक प्राचार्य जी ने सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानव का परम धर्म है। उन्होंने सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रैडक्रॉस के समग्र समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, डॉ. विनीत नागपाल, वाईआरसी काउन्सलर सुभाष कैलोरिया व लवकेश उपस्थित रहे।



## विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। वे हमें हमेशा इस तरह की समृद्ध गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाते हुए करुणा और जागरूकता की भावना गूंज उठी। कार्यक्रम की सावधानीपूर्वक योजना और क्रियान्वयन महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस (वाईआरसी) काउंसलर श्रीमती पूजा द्वारा किया गया। मानवीय कारणों के लिए उनका जुनून और जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता उनको इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित करती रहती है। अपने ज्ञानवर्धक प्रवचन में, श्रीमती पूजा ने रक्तदान के महत्वपूर्ण महत्व और थैलेसीमिया से प्रभावित व्यक्तियों पर इसके गहन प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस अवसर की गंभीरता के बीच, वाईआरसी के स्वयंसेवक सेवा और एकजुटता के दीपस्तंभ के रूप में खड़े थे। पीड़ा को कम करने और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उनका अटूट समर्पण महाविद्यालय के लोकाचार के साथ गहराई से जुड़ा था। विभिन्न गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से, उपस्थित लोगों को थैलेसीमिया रोगियों के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाया गया और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में विश्व थैलेसीमिया दिवस का जश्न महज एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक स्वस्थ और अधिक दयालु समाज को बढ़ावा देने में सहानुभूति, शिक्षा और सामूहिक कार्रवाई की शक्ति का एक गहरा प्रमाण था। यह दिन बढ़ी हुई सहानुभूति, बढ़े हुए रक्तदान और थैलेसीमिया से प्रभावित व्यक्तियों का समर्थन करने के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता के रूप में फल देना जारी रखेगा।

## अग्रवाल कॉलेज में नए सत्र में छात्रवृत्तियों की बहार



बल्लभगढ़। शैक्षणिक सत्र 2024-25 मे अग्रवाल कॉलेज नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार की छात्रवृति उपलब्ध करा रहा है। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय लाला रतन सिंह गुप्ता की स्मृति में छात्रवृति प्रदान की जाएगी। जो उन विद्यार्थियों को दी जाएगी जिन्होने अपनी शिक्षा अग्रवाल संस्था के स्कूलों से प्राप्त की है उन्हे दाखिले में कुल फीस का 25 प्रतिशत भाग माफ किया जायेगा। इसके अलावा यह छात्रवृति उन पीजी में एडमिशन लेने वाले छात्रों को भी दी जाएगी जिन्होंने अपनी यूजी की परीक्षा अग्रवाल महाविद्यालय से पास की है। दूसरी छात्रवृति लाडली बेटी छात्रवृति है यह उन छात्राओं को दी जाएगी जिनके 12वी कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हैं। उनको कुल दाखिला फीस में केवल 5000 रुपए जमा करने होंगे। यह बीए, बीकॉम व बीएससी कोर्सों के लिए दी जाएगी। इसी छात्रवृति के अंतर्गत जो छात्राएं सेल्फ फाइनेंस कोर्स में दाखिला लेना चाहती हैं उनकी कुल फीस का 25 प्रतिशत भाग माफ किया जाएगा।

Vol.11, Issue. 2, April-June2024

## Farewall Party of Madam Kamal Tandon, Madam Lalita Arora Krishan Kumar and Allaudin











Vol.11, Issue. 2, April-June2024

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह



बल्लबगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ मे इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने 5 जून, 2024 को अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन मे विश्व पर्यावरण दिवस मनाने मे अग्रणी भूमिका निभाई और अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ कॉलेज समुदाय के भीतर जागरूकता बढ़ाने और टिकाऊ प्रथाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यक्रमो की एक श्रृंखला की मेजबानी की।

"रिस्टोर अवर अर्थ" विषय के तहत, क्लब ने पूरे दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियो का आयोजन किया, जिसमे छात्रो, शिक्षको और कर्मचारियो को समान रूप से सार्थक पर्यावरणीय पहल में शामिल किया गया। दिन की शुरुआत कॉलेज के मैदान मे वृक्षारोपण समारोह के साथ हुई, जो जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

वृक्षारोपण के बाद एक वीडियो बनाने की प्रतियोगिता और एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें हमारी भूमि, हमारा भविष्य, ग्रह बनाम प्लास्टिक, पारिस्थिति की तंत्र बहाली, जल संकट और जनसंख्या विस्फोट जैसे विषय शामिल थे। रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका सहरावत इस कार्यक्रम की संयोजक थी और रसायन विज्ञान एम. एससी. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र योगिता और मयंक इस क्लब के छात्र सदस्य थे। रसायन विज्ञान विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अर्चना चौहान, डॉ. चंदर अत्री, डॉ. सपना त्यागी, डॉ. प्रियंका कुंडू, मानसी त्यागी, गीता राठी और लैब अटेंडेंट घनश्याम, सुशील, प्रमोद ने इस आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियो ने सभी गतिविधियो में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा बी.एससी रसायन शास्त्र ऑनर्स 'चतुर्थ सेमेस्टर. की भावना शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कक्षा बी.एस.सी. रसायन शास्त्र ऑनर्स. 'दूसरा सेमेस्टर की तनु दुबे और कक्षा रसायन विज्ञान एम. एससी द्वितीय सेमेस्टर की योगिता शर्मा ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर. कक्षा की ईशू ने वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता मे तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं एम.एस.सी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर कक्षा की विशाखा, दीपू अग्रवाल और पूजा सिंह को पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रियंका सहरावत ने कहा कि, हमारे विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने यह भी कहा, पर्यावरण संरक्षण के समर्थन मे हमारे कॉलेज समुदाय को एक साथ आते देखना प्रेरणादायक है। सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से, हम भावी पीढ़ियो के लिए अपने ग्रह की सुरक्षा मे सार्थक प्रभाव डाल सकते है।

प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने गर्मी की छुट्टियो में भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्रो और कर्मचारियो को उनके अथक प्रयासो के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और इसके समाधानो के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अद्भुत भाषण भी दिया। इको एंड कंजर्वेशन क्लब चल रही पर्यावरणीय पहलो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो अग्रवाल कॉलेज और उसके बाहर स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की संस्कृति को विकसित करने का प्रयास कर रहा है। समर्पण और सामूहिक प्रयास के साथ उनका लक्ष्य एक हरित, अधिक टिकाऊ दुनिया की दिशा मे वैश्विक आंदोलन मे योगदान देना है।

# अग्रवाल महाविद्यालय में महिला सशक्तीकरण थीम पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह



बल्लबगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में योग क्लब समर्पण द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित थे। साथ ही अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

इस बार दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम महिला सशक्तीकरण के लिए योग रखा गया है जिसका उद्देश्य महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुई। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक श्याम आर्य और मैडम पूजा के निरीक्षण में लगभग 1 घंटे तक कॉलेज के समस्त प्रवक्ताओं और विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर वाई.आर.सी, आर.आर.सी, सेंट जॉन एंबुलेंस, स्वच्छता सेनानी, एन.सी.सी और डी.एस.सी क्लब के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि योग हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। अगर हम स्वस्थ रहेंगे तभी कोई भी कार्य ठीक ढंग से कर पाएंगे। अतः योग को अपने जीवन में जरूर अपनाना चाहिए। अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने योग दिवस के अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। योग का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हमें इसे अपनाना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में योग क्लब के छात्र-छात्राओं ने योग प्रदर्शन कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अग्रवाल कॉलेज के 153 विद्यार्थियों और समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक स्टाफ के सहयोग से यह कार्यक्रम सार्थक एवं सफल सिद्ध रहा। कार्यक्रम संयोजक डॉ देवेंद्र के धन्यवाद ज्ञापन से इस कार्यक्रम का समापन हुआ।



फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में योग क्लब समर्पण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित थे। साथ ही अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे । इस बार दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम "महिला सशक्तीकरण के लिए योग" रखा गया है जिसका उद्देश्य महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुई।

# देवेंद्र गुप्ता ने दी केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को दी बधाई



केंद्रीय राज्यमंत्री को बधाई देते हुए। आज समाज

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल विद्या प्रचाारिणी सभा के चेयरमैन देवेंद्र कुमार गुप्ता, तेजपाल यादव, सरपंच के साथ जाकर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को उनके निवास स्थान दिल्ली में लगातार तीसरी बार सांसद फरीदाबाद को मंत्री बनने पर बधाई दी। बताते चले कि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कृष्णपाल गुर्जन के समर्थन में बल्लभगढ़ विधानसभा में सफल रोड़ शो आयोजित किया था जिसके उनका बल्लभगढ़ विधानसभा में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर फूल-मालाओं से से स्वागत कर अपना समर्थन दिया। इस कड़ी में देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस एतिहासिक रोड शो के उपरांत बल्लभगढ़ के व्यापारियों का साथ आने से बल्लभगढ़ से जबरदस्त तरीके से लोगों ने मतदान किया।

श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, चेयरमैन, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लबगढ़ (फरीदाबाद) व श्री तेजपाल यादव, सरपंच के साथ जाकर श्री कृष्णपाल गुर्जर को उनके निवास स्थान दिल्ली में लगातार तीसरी बार सांसद फरीदाबाद व भारत सरकार में मंत्री बनने पर बधाई दी। श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी द्वारा श्री कृष्णपाल गुर्जर जी के समर्थन में बल्लबगढ़ में आयोजित किया गया रोड षो एक ऐतिहासिक रोड शो था जिसमें भारी संख्या में समर्थकों ने भाग लेकर इस रोड शो को ऐतिहासिक व सफल बनाया। बल्लबगढ़ क्षेत्र में ऐसा ऐतिहासिक रोड षो आज तक आयोजित नहीं हुआ।

## GUEST LECTURE AT A SPREE

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशा निर्देशन में संस्कृत विभाग एवं संस्कृत साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन संस्कृत साहित्य का लौकिक इतिहास विषय पर किया। शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव से सहायक प्रवक्ता डॉ. सत्यनारायण को व्याख्या के लिए आमंत्रित किया गया। अतिथि ने विद्यार्थियों के समक्ष संस्कृत साहित्य के विभाजन क्रम पर चर्चा करते हुए लौकिक साहित्य पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम रामायण और महाभारत महाकाव्य पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही इन पर उपजीव्य काव्य को बताते हुए कवि आश्वघोष, भास, महाकवि कालिदास, भारवि, श्री हर्ष, भवभूति इत्यादि पर चर्चा की।



## Guest Lectures on Success Mantra for Youth to Transform Dreams into Realities

Aggarwal College, Ballabgarh organised a Guest Lecture on **"Success Mantra for Youth to Transform Dreams into Realities"** on 22nd April 2024, under the guidance of Officiating Principal Dr. Sanjeev Gupta and Ms. Kamal Tandon, Head of Department (English). The lecture was delivered by Dr. Sonia Bhardwaj, HOD English , Saraswati Mahila Mahavidyalaya, Palwal.

